संक्षिप्त

मुदित ने एडवांस में 1270वीं रैंक हासिल की

खैरथल । इंजीनियर्स पॉइंट स्कूल खैरथल के मुदित गुप्ता पुत्र प्रेम प्रकाश गुप्ता ने एडवांस 2026 में 1270वीं कैटेगरी रैंक लाकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। खास बात यह है कि मुदित ने बिना कोटा या सीकर गए, सिर्फ स्कूल के शिक्षकों के मार्गदर्शन में यह सफलता पाई। 12 वीं में 94 और मेन में 99.81 परसेंटाइल लाने वाले मुदित को स्कूल में माला पहनाकर सम्मानित किया गया। मुदित ने बताया कि वह रोजाना ईपी संस्थान में 6 से 7 घंटे अध्यापकों के बताए अनुसार पढ़ाई करता था। 12वीं के साथ ही की तैयारी की और चयन पक्का किया। इसके साथ ईपी के चेतन्य स्वरूप ने भी 3903 कैटेगरी रैंक हासिल की। हिमनिश सोनी पुत्र राजकुमार सोनी, रिया भूरानी पुत्री देवानन्द, अंजली लख्यानी पुत्री प्रकाश लख्यानी, यश शर्मा पुत्र विनय प्रकाश और परिधी गुप्ता पुत्री योगेश कुमार का जेईई मेन में चयन हुआ है। इस अवसर पर संस्था निदेशक आजाद चौधरी ने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों और अध्यापकों की मेहनत का परिणाम है। अनुभवी शिक्षकों के सही मार्गदर्शन और नियमित अध्ययन से ही यह संभव हुआ। यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा बनेगी। विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल है।

बड़ी संख्या में युवा कर रहे गौ सेवा कार्य

पावटा । उपखंड पावटा क्षेत्र में इन दिनों लोगों में गौ सेवा के लिए अपार उत्साह एवं श्रद्धा देखने को मिल रही है। संकल्प हरियाली गौ सेवा समिति के तत्वाधान में प्रतिदिन सवेरे जल्दी उठकर बडी संख्या में क्षेत्र के युवा आसपास की गौशालाओं में गौ सेवा करने के लिए निकलते हैं और क्षेत्र के लोगों के सहयोग से खेतो मे जाकर वहा ज्वार आदि की कटाई कर वाहनो से गौशालाओ मे लाकरगौ सेवा के कार्य में लगे रहते हैं। संकल्प हरियाली समिति संयोजक नीरज सैन ने जानकारी देते हुए बताया कि गौ माताओं की सेवा के लिए धीर सिंह डाब, महावीर यादवसहित समिति सदस्यों ने गौ माताओं की सेवा के लिए हरे चारे की पिकअप समिति को भेट की है। जिसे समिति के सदस्य प्रतिदिन सवेरे क्षेत्र की अलग-अलग गौशालाओं एवं खुले में विचरण कर रही गौ माताओं की सेवा में भेजा जायेगा। सैन ने बताया कि समिति के लोगों से प्रेरित होकर बडी संख्या में क्षेत्रवासी सहयोग के लिए समिति के सम्पर्क में आ रहे हैं। इस दौरान समिति के श्रीराम यादव, संकल्प हरियाली समिति संयोजक नीरज सैन, संकल्प गौसेवा समिति संयोजक सुभाष यादव, पंकज जिंदल, डॉ. सुरेन्द्र यादव, रूबी यादव, भानू सैन, लोकेश टांक, संदीप सैन, राहुल यादव, भीम राठी, बलबीर यादव, जयपाल सिंह शेखावत, महेंद्र सैनी, नेतराम यादव सहित मंढ़ा एवं कारोली क्षेत्र के गौभक्त भी सुबह पांच बजे अपने अपने वाहनों से आकर इस गौसेवा जैसे पुनीत कार्य में सहयोग प्रदान कर रहे ।

नलकूप निर्माण के लिए 88.83 लाख की मंजूरी मिली

चौमूं / कालाडेरा । जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा विधानसभा क्षेत्र चौमूँ में पेयजल समाधान के लिए 5 नए नलकूप की स्वीकृति जारी की है। पूर्व विधायक रामलाल शर्मा द्वारा जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग मंत्री कन्हैया लाल चौधरी को पत्र लिखकर पेयजल के समाधान हेतु नलकूप स्वीकृति की मांग की थी, जिस पर विभाग द्वारा ग्राम पंचायत देवपुरा के लिए 16.11 लाख, श्रवण जी चाय वाले मकान के पास, केंद्र रोड टांकरडा के लिए 18.18 लाख, नाथू जी खटीक के मकान के पास उदयपुरिया के लिए 18.18 लाख, चक चारणवास के लिए 18.18 लाख और बस स्टैंड आष्टीकलां के लिए 18.18 लाख रुपए की वित्तीय स्वीकृति जारी की गई है।

मछलियों को आटे की गोलियां खिलाना पुनीत कार्य

सांभरझील। देवयानी सरोवर में हजारों की तादाद में मछलियों के लिए पर्याप्त भोजन उपलब्ध करवाए जाने हेतु श्री गोपाल गौशाला के पूर्व अध्यक्ष मुन्नाजी के निर्देशानुसार विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड मंत्री एडवोकेट सुनील शर्मा ने इसके लिए आम नागरिकों से अपील की है। कि इच्छुक लोग स्वेच्छा से घर से आटे की गोलियां बनाकर अपेक्षित भाव से मछलियों को डालना चाहिए, आध्यात्मिक दृष्टिकोण से यह प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष आपको फलीभूत होगा। इसके लिए उनसे 8233291655 हेल्पलाइन नंबर पर बात कर उनसे मदद ली जा सकती है।

देवली में अस्पताल और बस स्टैंड स्थानांतरण के विरोध में व्यापारियों ने प्रतिष्ठान बंद रखे

देवली । उल्लेखनीय है कि पूरे प्रदेश भर में उपखंड मुख्यालयों पर भजनलाल सरकार द्वारा उप जिला अस्पताल बनाने की योजना लागू की हुई है। इसी योजना के अंतर्गत देवली शहर को भी यह अवसर प्राप्त हुआ है। उप जिला अस्पताल बनाने की इस योजना में देवली नगर पालिका ने स्वास्थ्य विभाग को पौने आठ बीघा भूमि निशुल्क उपलब्ध करवा दी है। यह भूमि देवली शहर के जयपुर चुंगी नाके से मात्र 2 किलोमीटर दूर जयपुर और पुराने अजमेर रोड के बीचो-बीच है। ऐसे में नगर पालिका द्वारा दी गई निशुल्क भूमि पर स्वास्थ्य विभाग ने उप जिला अस्पताल बनाने की तैयारियां शुरू कर दी है।

विभाग ने अस्पताल भवन निर्माण के लिए लगभग 34 करोड रुपए का टेंडर भी जारी कर दिया है। तो वहीं

व्यापारियों ने सरकारी अस्पताल, बस स्टैंड स्थानांतरण और पुरानी मंडी बहाली को लेकर प्रदर्शन किया।

- **देवली पालिका के द्वारा चिन्हित की गई भूमि पर उप जिला अस्पताल को स्थापित किए जाने का चंद नेता और व्यापारी कर रहे हैं विरोध**

आधुनिक सुविधाओं के साथ भवन निर्माण की ड्राइंग भी पूरी तरह तैयार हो चुकी है। इसी बीच मंगलवार को उक्त भूमि स्थल पर उप जिला अस्पताल बनाने का विरोध खुलकर सामने आया है । यहां व्यापारियों का मानना है कि राजकीय उप जिला अस्पताल शहर से दूर बनाया जा रहा है। जो शहर वासियों के लिए कठिनाई भरा साबित होगा।

ऐसे में आपको बता दें कि ग्राम पंचायत परिसीमन के बाद देवली नगर पालिका में 10 वार्डों की वृद्धि हुई है। इसी के मध्य नजर देवली नगर पालिका ने उक्त भूमि स्वास्थ्य विभाग को निशुल्क उपलब्ध कराई है। लेकिन यहां नगर पालिका की उक्त भूमि पर उप जिला अस्पताल बनाए जाने का व्यापारियों द्वारा विरोध जम कर किया जा रहा है।

इसी क्रम में देवली शहर के मुख्य बाजार के व्यापारियों ने नगर पालिका की उक्त भूमि पर उप जिला अस्पताल नहीं बनाए जाने की मांग करते हुए इसके विरोध में देवली उपखंड अधिकारी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौपा है।ऐसे मे मंगलवार को दर्जनों की संख्या में मुख्य बाजार के व्यापारी और शहरवासी प्रदर्शन मैं शामिल रहे हैं। यहां मंगलवार को सांकेतिक बंद का मिला जुला असर जरूर देखने को मिला है। प्रदर्शन में शामिल व्यापारी और शहर वासियों ने सरकारी अस्पताल, बस स्टैंड स्थानांतरण और पुरानी मंडी बहाली की मांग करते हुए उपखंड अधिकारी को ज्ञापन देते बताया कि राजकीय उप जिला अस्पताल शहर की सीमा में बनाया जाये और बस स्टैंड को शहर में ही यथावत स्थान पर रखा जाए तो वहीं शहर की बेरोजगारी दूर करने के लिए पुरानी कृषि उपज मंडी को गोंण मंडी का दर्जा देकर फिर से जींस इत्यादि फसलों की खरीदारी शुरू की जाए।

कोटकासिम में तालाब का पूजन कर जल संचय का संकल्प

किशनगढ़ बास। राज्य सरकार के वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान के तहत मंगलवार को दौलता नाथ आश्रम जोड़ियां, कोटकासिम के पास स्थित जलाशय पर आस्था और पर्यावरण का अनूठा संगम देखने को मिला। पूर्व विधायक रामहेत यादव, साधु-संतों और ग्रामीणों ने मिलकर जल पूजन किया और पौधे रोपे। कार्यक्रम का उद्देश्य मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के अभियान को जन जन तक पहुंचाना और जल को बचाना और धरती को हरा-भरा बनाना।

कार्यक्रम की शुरुआत विधिवत जलाशय पूजन से हुई। साधु-संतों ने मंत्रोच्चार के बीच जल स्त्रोतों के संरक्षण का संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा कि हमारे शास्त्रों में जल को देवता माना गया है। इसका अपमान आने वाली पीढ़ियों के लिए संकट खड़ा करेगा। इसलिए हर व्यक्ति को जल बचाने की जिम्मेदारी

'पानी बचाओ, पेड़ लगाओ' के नारों के साथ ग्रामीणों ने संतों के सानिध्य में शपथ ली।

- **वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान के तहत, दौलता नाथ आश्रम जोड़ियां पर हुआ कार्यक्रम**

लेनी होगी।

पूजन के बाद पूर्व विधायक रामहेत यादव, संत-महात्माओं और ग्रामीणों ने जलाशय के किनारे नीम, पीपल, बरगद और छायादार पेड़ों के पौधे लगाए। वक्ताओं ने दो टूक कहा कि जल और वृक्ष एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। पेड़ होंगे तो बारिश होगी, बारिश होगी तो जलाशय भरेंगे। इसलिए पौधा लगाना सिर्फ पर्यावरण नहीं, अपने बच्चों का भविष्य सुरक्षित करना है । कार्यक्रम में मौजूद सैकड़ों ग्रामीणों ने तीन बड़े संकल्प लिए जिससे पहला संकल्प था जल स्त्रोतों को साफ रखेंगे कचरा या गंदगी नहीं डालेंगे। दूसरा था घरों में वर्षा जल संचयन को बढ़ावा देंगे। हर पौधे को गोद लेकर उसके पेड़ बनने तक देखभाल करेंगे। जिले में जिला कलेक्टर अतुल प्रकाश के निर्देशन में वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान के तहत रोज नए कार्यक्रम हो रहे हैं। कहीं तालाबों की सफाई के लिए श्रमदान हो रहा है तो कहीं स्कूलों में बच्चों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई जा रही है। सरकार और प्रशासन का मकसद इस अभियान को सरकारी फाइलों से निकालकर गांव-गांव का जन आंदोलन बनाना है।

कोटपूतली में 15 दिवसीय सेवा शिविर का समापन

कोटपूतली । निकटवर्ती ग्राम पंचायत पवाना अहीर स्थित सेठ मूलचंद प्रभूदयाल राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में कक्षा 12 के विद्यार्थियों के लिए आयोजित 15 दिवसीय समाज सेवा शिविर का विधिवत समापन हुआ। माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, अजमेर (राजस्थान) के निर्देशानुसार यह शिविर 17 से 31 मई तक आयोजित किया गया था। शिविर के दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों में भाग लिया और अपने अनुभव साझा कर व्यक्तित्व विकास के गुर सीखे। रचनात्मक गतिविधियों से निखरा विद्यार्थियों का व्यक्तित्व : शिविर का संचालन प्रभारी व व्याख्याता सुमन चौहान के नेतृत्व व निर्देशन में किया गया। 15 दिनों तक चले इस शिविर में छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए कई तरह की समाजोपयोगी, सांस्कृतिक और रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया।

खैरथल कलेक्टर की बैठक में गैरहाजिरी पर ऑर्डिनेटर को नोटिस

खैरथल । जिले में मतदाता जागरूकता अभियान को गति देने के लिए जिला कलेक्टर अतुल प्रकाश ने कार्यालय में स्वीप नोडल अधिकारियों की बैठक ली। कलेक्टर ने साफ कहा कि स्कूल और कॉलेज स्तर पर चल रही गतिविधियों की हर रिपोर्ट समय पर पोर्टल पर दर्ज हो। लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में किशनगढ़ बास के ब्लॉक स्वीप कोऑर्डिनेटर के

जिला कलेक्टर अतुल प्रकाश ने जिला सचिवालय के सभागार में स्वास्थ्य समिति की बैठक ली।

- **जिले के सभी सरकारी-निजी स्कूलों में मतदाता जागरूकता गतिविधियां शाला दर्पण पर अपडेट करने के आदेश**

गैरहाजिर रहने पर उन्हें कारण बताओ नोटिस दिया गया।

बैठक में जिला कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिले के सभी राजकीय और निजी उच्च माध्यमिक विद्यालयों में पिछले महीनों में हुई मतदाता जागरूकता गतिविधियों का पूरा ब्योरा शाला दर्पण पोर्टल पर तुरंत अपडेट किया जाए। प्राइवेट स्कूलों का पीएसपी पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराना भी अनिवार्य किया गया है। जिले के सभी सीबीईओ और जिला शिक्षा अधिकारी को शाला दर्पण पोर्टल की रोजाना मॉनिटरिंग करने के लिए निर्देश दिए गए है। कलेक्टर ने जिले के निर्वाचन सोशल मीडिया हैंडल्स का ज्यादा से ज्यादा प्रचार करने के निर्देश दिए। साथ ही सभी गतिविधियों की जानकारी नियमित रूप से डिस्ट्रिक्ट हैंडल्स पर अपडेट करने को कहा ताकि ज्यादा से ज्यादा युवाओं तक संदेश पहुंचे।

बैठक में निजी विद्यालयों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम प्रभावी तरीके से कराने पर जोर दिया गया। कलेक्टर ने कहा कि सभी सीबीईओ निजी स्कूलों की गतिविधियों की लगातार निगरानी करें। निर्वाचन आयोग के निर्देशों का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जाए।

किशनगढ़ बास ब्लॉक स्वीप कोऑर्डिनेटर के बैठक में मौजूद न होने पर कलेक्टर ने नाराजगी जताई और उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी करने के आदेश दिए। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी रामदयाल, जिला शिक्षा अधिकारी रमेश कुमार मेघ, जिला स्वीप समन्वयक राजेश कुमार जैन सहित सभी ब्लॉक स्वीप कोऑर्डिनेटर उपस्थित रहे।

भरतपुर में प्रभारी मंत्री ने जल पूजन कर जल संरक्षण कार्यों का निरीक्षण किया

भरतपुर। जल संसाधन एवं जिला प्रभारी मंत्री सुरेश सिंह रावत ने वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत मंगलवार को जल पूजन कर शहर में चल रहे जल संरक्षण व जलनिकासी तंत्र के प्रगतिरत कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने अभियान में नौंह में भरतपुर शहर व बाणगंगा व रूपारेल नदी के एकत्रित अधिशेष जल निकासी के ड्रेन सफाई कार्य का भी निरीक्षण कर पौधारोपण किया। जिला प्रभारी मंत्री ने अटलबन्द गेट स्थित गणेश मन्दिर के पास नगर निगम द्वारा कराये जा रहे सीएफसीडी के ड्रेन निर्माण कार्य एवं जल स्त्रोतों की सफाई, जलकुंभी, संरचनात्मक अवरोध आदि के सफाई कार्य का निरीक्षण कर अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान में वर्षा पूर्व सभी जल स्त्रोतों की साफ-सफाई एवं वर्षाजल प्रवाह क्षेत्रों के अवरोधकों को हटाने के कार्य गुणवत्ता से कराया जाऐ। उन्होंने कहा कि हमारे संस्कृति में जल संरक्षण की परम्परा रही है, वर्षा पूर्व आमजन को भी जल बहाव क्षेत्र में कचरा नहीं डालने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने शहर में सीएफसीडी के सभी कार्यों को गति देते हुए गुणवत्ता से पूरा कराने के निर्देश दिए, जिससे शहर में पानी भराव की समस्या का स्थाई समाधान हो सके।

- **आमजन की भागीदारी से वंदे गंगा अभियान को जन-जन का अभियान बनायें -प्रभारी मंत्री**

जल संसाधन मंत्री ने कहा कि सरकार की मंशानुरूप वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान में सभी विभाग सक्रियता से भागीदारी निभाते हुए आमजन को भी जल संरक्षण के लिए प्रेरित करें। उन्होंने जल स्त्रोतों एवं बहाव क्षेत्र से अतिक्रमण हटाते हुए परम्परागत रूप से बने हुए जल मार्गों की नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण के लिए अभी से प्लानिंग कर अधिकाधिक पौधा लगाने के लिए जन सहयोग से अभियान को सफल बनायें।' सीईओ जिला परिषद मृदुल सिंह ने वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान की प्रगति के बारे में जानकारी दी। जल पूजन कर किया पौधारोपण-

जिला प्रभारी मंत्री नौंह में मुख्यमंत्री बजट घोषणा 2025-26 के तहत मोती महल से बछामदी रोड ब्रिज तक मुख्य ड्रेन के जीणोद्धार कार्य का निरीक्षण कर जल पूजन करते हुए पौधारोपण किया।

पावटा में राष्ट्रीय जन जागरण अभियान के तहत कलश यात्रा निकाली

पावटा । अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा ग्राम टस्कोला कस्बा पावटा, जिला कोटपूतली-बहरोड में आयोजित चार दिवसीय राष्ट्रीय जन जागरण अभियान के तहत मंगलवार को भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा गंगा माता बावड़ी से प्रारंभ होकर श्री जीण माता मंदिर टसकोला पहुंची, जिसमें लगभग 500 माता-बहनों, युवाओं, बच्चों एवं बुजुर्गों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कलश यात्रा के दौरान प्रज्ञा गीतों, नशा मुक्ति, युवा जागृति, महिला सशक्तिकरण, वृक्षारोपण एवं राष्ट्र निर्माण से जुड़े संदेशों वाले बैनर आकर्षण का केंद्र रहे।

गांव की परिक्रमा करते हुए निकाली गई इस यात्रा में महाकाल शिव, भारत माता सहित विभिन्न सजीव झांकियां भी प्रस्तुत की गईं, जिससे पूरे ग्राम में आध्यात्मिक एवं राष्ट्रभक्ति का वातावरण बना रहा। यात्रा के दौरान ग्रामीणों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर तथा ठंडा मीठा जल पिलाकर श्रद्धालुओं का स्वागत किया।

इसके पश्चात प्रसाद वितरण किया

गायत्री परिवार की कलश यात्रा में जनसैलाब उमड़ा ।

- **गांव में गूंजे राष्ट्र जागरण और नशा मुक्ति के संदेश**

गया। पूर्व सरपंच मुकेश द्वारा श्रद्धालुओं को केले वितरित किए गए। कार्यक्रम का मंच संचालन पूरणमल पारीक (पूर्व हेडमास्टर बड़नगर), मातादीन सैनी किरारोड, कुंज बिहारी शर्मा, हनुमान पांचाल टोरडा, कालूराम गुर्जर (पूर्व तहसीलदार नीमकाथाना), कवरसिंह जांगिड़ (जिला संयोजक), किशन लाल शर्मा चतर्भुज, कैलाश चंद सैन एवं रघुवीर यादव बानसूर ने किया। कलश यात्रा की व्यवस्थाओं में मनोहर लाल शर्मा, नंदलाल कुमावत, देवकरण सैनी, कैलाश शर्मा, बालूराम प्रजापत शाहपुरा, गिरधारी यादव मंडा, रामगोपाल, लालचंद पीटीआई, रामनिवास, जगदीश, मोदी सिंह, शिंभू गुर्जर, सुशील शर्मा, महिपाल सिंह, महेंद्र पंच, भैरूराम सैनी, जगदीश सैनी, बीरबल पीटीआई सहित अनेक कार्यकर्ताओं का विशेष सहयोग रहा।

कार्यक्रम में 24 कन्याओं का पूजन भी किया गया, जिसकी प्रभारी सुश्री तनु कुमारी रहीं। युवा प्रभारी श्री नंदलाल कुमावत व्याख्याता के नेतृत्व में विकास सैनी, दिनेश सैनी, जतिन सैनी, रितिक शर्मा, राजू गुर्जर, नवल किशोर गुर्जर, प्रदीप कुमावत, मनोज गुर्जर, महेंद्र स्वामी, प्रीतम धानका, मोहन सैनी, विनोद कुम्हार, किशन प्रजापत, विमल प्रजापत एवं बाल सेना ने व्यवस्थाओं में सहयोग दिया। आयोजकों ने बताया कि प्रतिदिन सायं 4 बजे से 7 बजे तक शांतिकुंज हरिद्वार की टोली द्वारा प्रज्ञा पुराण कथा का आयोजन किया जाएगा। वहीं 3, 4 एवं 5 जून को गायत्री महायज्ञ तथा सायंकाल प्रज्ञा पुराण कथा के माध्यम से व्यक्ति निर्माण, परिवार निर्माण, समाज निर्माण एवं राष्ट्र निर्माण का संदेश दिया जाएगा।

विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर नशा मुक्ति का संदेश दिया

दौसा। हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड जिला मुख्यालय दौसा के तत्वावधान में स्थानीय राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय रामकुंड दौसा में संचालित ग्रीष्मकालीन अभिरुचि एवं कौशल विकास शिविर में विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन कर नशा मुक्ति का संदेश दिया गया।

शिविर प्रभारी राजेन्द्र प्रसाद सैनी ने बताया कि विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर तंबाकू के दुष्प्रभाव को बताने एवं नशा मुक्ति का संदेश देने के लिए अभिरुचि एवं कौशल विकास शिविर में भाग ले रहे प्रशिक्षणार्थी विद्यार्थियों की विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया ।जिसमें पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान उषा सैनी द्वितीय स्थान गरिमा सैनी एवं तीर्थ स्थान राजश्री वर्मा ने प्राप्त किया। इसी प्रकार निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान दृष्टि जैन द्वितीय स्थान घनश्याम सैनी एवं तृतीय स्थान उषा सैनी ने प्राप्त किया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान दृष्टि जैन द्वितीय स्थान उषा सैनी एवं तृतीय स्थान देवराज सैनी ने प्राप्त किया।

सार-समाचार

डीग में छह सड़कों का लोकार्पण

भरतपुर। डीग-कुम्हेर विधायक डॉ शैलेश सिंह ने सोमवार को सार्वजनिक निर्माण विभाग की मिसिंग लिंक एवं नॉन पैचेबल योजना के तहत लगभग 3.73 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित छह सड़कों का लोकार्पण किया। इनमें तमरेर से कुम्हा संपर्क सड़क, सैत कोंरेर सड़क से करेनुआ, चक सितारा से बदनगढ़, संपर्क सड़क से सुपावस, रीठोटी से धनसौटी तथा सिनसिनी से उसरानी सड़क शामिल हैं। लोकार्पण समारोह में ग्रामीणों को संबोधित करते हुए विधायक डॉ शैलेश सिंह ने कहा कि डीग-कुम्हेर विधानसभा क्षेत्र में पिछले ढाई वर्षों के दौरान विकास कार्यों को नई गति दी गई है। डीग और कुम्हेर में वाई पास ,सड़क, पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य और आधारभूत सुविधाओं के क्षेत्र में अनेक कार्य पूर्ण किए गए हैं, जबकि कई महत्वपूर्ण परियोजनाएं वर्तमान में प्रगतिरत हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के समग्र विकास और आमजन की सुविधा उनकी प्राथमिकता है तथा भविष्य में भी विकास कार्यों का सिलसिला लगातार जारी रहेगा। विकास के लिए धन की कमी नहीं आने दी जावेगी। विधायक डॉ सिंह ने केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए ग्रामीणों से इनका अधिकतम लाभ उठाने का आव्हान किया। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाएं अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इस अवसर पर ग्रामीणों ने विधायक का साफा एवं माल्यार्पण कर गर्मजोशी से स्वागत किया। कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष जगदीश अजान, सतीश बंसल, कुम्हेर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह, प्रधान देवी सिंह, मंडल अध्यक्ष प्रहलाद सिंह, डीग ग्रामीण मंडल अध्यक्ष राकेश गिरसै, पूर्व मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र कोंरेर, डॉ गुलाब शर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

प्रमोशन तिथि नहीं जुड़ने से प्रधानाचार्यो ने ज्ञापन सौंपा

टोंक। पदोन्नति अंकित नहीं होने से नाराज प्रधानाचार्यो ने अति. जिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री समेत अन्य के नाम ज्ञापन देकर आंदोलन की चेतावनी दी है। ज्ञापन में बताया गया है कि सत्र 2015-16 से 2019-20 के बीच प्रमोट हुए करीब 8 हजार प्रधानाचार्य आज भी अपनी प्रमोशन तिथि दर्ज होने का इंतजार कर रहे हैं। राजस्थान शिक्षा सेवा परिषद (प्रधानाचार्य) का कहना है कि प्रमोशन तिथि दर्ज नहीं होने से वेतन निर्धारण की जांच में प्रधानाचार्यों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। इसे लेकर परिषद ने सरकार को 7 दिन का अल्टीमेटम दिया है। चेतावनी दी गई है कि तय समय में समस्या का समाधान नहीं हुआ तो 8 जून को शिक्षा निदेशालय बीकानेर का घेराव किया जाएगा और जरूरत पड़ने पर नए शैक्षणिक सत्र के पहले दिन से आमरण अनशन शुरू किया जाएगा। राजस्थान शिक्षा सेवा परिषद (प्रधानाचार्य) जिला शाखा टोंक ने मंगलवार को शिक्षा मंत्री, अतिरिक्त मुख्य सचिव स्कूल शिक्षा विभाग और निदेशक माध्यमिक शिक्षा राजस्थान बीकानेर के नाम अलग-अलग ज्ञापन अतिरिक्त जिला कलेक्टर रामरतन सौकरिया को सौंपे। प्रधानाचार्यों का कहना है कि शिक्षा मंत्री द्वारा कई बार निर्देश दिए जाने और शासन स्तर से आदेश जारी होने के बावजूद प्रमोशन तिथि दर्ज करने का काम अब तक पूरा नहीं हुआ है। उनका आरोप है कि यह मामला लंबे समय से माध्यमिक शिक्षा निदेशालय बीकानेर में लंबित पड़ा है, जिससे प्रधानाचार्य वर्ग में नाराजगी बढ़ रही है।

'शिक्षा का अधिकार एवं साईबर क्राईम से बचाव' पर शिविर आयोजित

शाहपुरा । जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर जिला जयपुर अध्यक्ष माधवी दिनकर एवं तालुका विधिक सेवा समिति शाहपुरा अध्यक्ष ललिता शर्मा अपर जिला एवं सत्र सैशन न्यायाधीश प्रथम के निर्देशन में अधिकार मित्र दिनेश कुमार शर्मा ने श्री रामानुजाचार्य निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नाथावाला में पॉक्सो एक्ट 2015, संविधान प्रदत्त मौलिक अधिकार 21 अनुच्छेद शिक्षा का अधिकार एवं साईबर क्राईम से बचाव पर शिविर आयोजित किया। इस शिविर की अध्यक्षता संस्थान के निदेशक अनुप कुमार शर्मा द्वारा की गई। अधिकार मित्र दिनेश कुमार शर्मा ने साईबर क्राईम से सुरक्षित रहने के लिए किसी भी अनजान नम्बर से फोन को नहीं उठाने, अगर आपके ई-मेल एड्रेस के पासवर्ड को सावधानी के मध्य नजर रखते हुए 15 दिनों में कठिनतम मिक्स लिपी के जरिए बनाये जाये, और किसी को भी अपने पासवर्ड न देवे। लाटरी, डिजिटल गैम के लालच से बचे। साईबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर ठगी की सुचना देवे, वॉटस्ऐप पर स्टाफ पैमेन्ट की सूचना बैंक मैनेजर को भेजें। ई मित्र के द्धारा साईबर पुलिस थाना पर आनलाईन शिकायत दर्ज करावें, बैंक मैनेजर को भेजें गए मैसेज की फोटोग्राफी भी साईबर पुलिस थाना हेल्पलाइन पर संलग्न करे। अपना बैंक खातों की डिटेल भी भरे ठगी के समय की सही टाइम मिनट और सैकेंड सहित शिकायत में सभी का विवरण लिखे। जिला विधिक सेवा हेल्पलाइन नंबर 15100 पर भी मिस कॉल करें।

वार्षिकोत्सव मनाया

कोटपूतली। स्थानीय डुंगावाले हनुमान मंदिर परिसर में बीते 36 महीनों से निरंतर हर माह के दूसरे शनिवार को आयोजित होने वाले सुंदरकांड पाठ की श्रृंखला ने एक नया मुकाम हासिल किया है, जिसके उपलक्ष्य में नीले के सारथी ग्रुप द्वारा बेहद धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ तीसरा वार्षिक उत्सव मनाया गया। इस भव्य धार्मिक आयोजन का शुभारंभ मंदिर के महंत मनीष शर्मा, डॉ. अनुज शास्त्री और पंडित बजरंगलाल शर्मा द्वारा पारंपरिक रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया, जिसके बाद श्री राम सत्संग परिवार के संयोजक व स्वतंत्र पत्रकार आनंद पंडित और उनकी टीम द्वारा बेहद सुमधुर और संगीतमय सुंदरकांड पाठ की प्रस्तुति दी गई। पाठ की समाप्ति पर आनंद पंडित ने जब श्रीराम नाम महामंत्र का संगीतमय जाप शुरू किया, तो आयोजन में मौजूद सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु भावविभोर होकर चौपाइयों और भजनों पर झूमने लगे। इस विशेष अवसर पर लगभग चार दशकों से नि:शुल्क सुंदरकांड का पाठ कर सनातन संस्कृति को आगे बढाने वाले आनंद पंडित और उनकी पूरी टीम का ग्रुप द्वारा विशेष सम्मान किया गया, साथ ही नीले के सारथी ग्रुप ने आयोजन में सहभागिता निभाने वाले श्री श्याम परिवार, लंगूर सेवा समिति, वानर सेवा समिति और श्री श्याम सेवा समिति जैसी सहयोगी संस्थाओं का सहृदय आभार व्यक्त किया।

गौ माता को राष्ट्रमाता घोषित करने की मांग

कोटपूतली । स्थानीय दिल्ली दरवाजा मस्जिद के पास मंगलवार को कौमी एकता और सामाजिक सौहार्द की एक बेहद खूबसूरत और ऐतिहासिक तस्वीर सामने आई। यहां मुस्लिम समुदाय के लोगों और गौ रक्षक दल के सदस्यों ने कांग्रेस अनुसूचित जाति (एससी) विभाग के जिलाध्यक्ष एवं पूर्व पार्षद तारा पूतली के नेतृत्व में एक साथ कदम से कदम मिलाकर मार्च निकाला। इस मार्च की सबसे खास बात यह रही कि इसमें शामिल हर व्यक्ति की जुबान पर बिना किसी भेदभाव के सिर्फ एक ही मांग थी गौ माता को राष्ट्रीय माता का दर्जा दो। इस दौरान कोई नारा नहीं, कोई नफरत नहीं सिर्फ प्यार और इज्जत दिखाई दी। यह मार्च दिल्ली दरवाजा मस्जिद से शुरू होकर शांतिपूर्ण ढ़ंग से उपखण्ड कार्यालय पहुँचा। उपखण्ड कार्यालय पहुँचकर राष्ट्रपति के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा गया।